149 212

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान,जयपुर

क्रमांकः एफ.1(56)एफ.एम.डी.एस.एस./अप्रमुवसं/एम.एण्डई./2023/ 824 दिनांक :- 05-12-2023

समस्त वन संरक्षक
(प्रादेशिक/वन्यजीव/भू-संरक्षण)

विषयः- अधीनस्थ वनमण्डलों में समस्त विकास कार्यों के मूल्यांकन किये जाने बाबत।
संदर्भः- इस कार्यालय का पत्रांक एफ.1(56)एफ.एम.डी.एस.एस./अप्रमुवसं/एम.एण्डई./2023/ 530 दिनांक 08.08.2023 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत पत्र के क्रम में लेख है कि इस कार्यालय के मूल्यांकन एवं प्रबोधन अनुभाग द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत करवाये गये वृक्षारोपण कार्यों का मूल्यांकन अधीनस्थ संभागीय आयोजना एवं प्रबोधन इकाईयों के माध्यम से FMDSS वृक्षारोपण मॉडयूल पर उपलब्ध कार्यों की सूची से चयनित कर किया जाता है।

इसके अतिरिक्त विभागीय कार्यो के मूल्यांकन हेतु केन्द्र एवं राज्य प्रवर्तित विभिन्न योजनाओं सहित बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं अंतर्गत वनमण्डलों द्वारा करवाये गये विकास कार्यो तथा कार्यस्थलों पर मृदा संरचनाओं का भौतिक सत्यापन करवाए जाने हेतु आपको संदर्भित पत्र के द्वारा निर्देशित किया गया था।

इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रादेशिक, वन्यजीव तथा भू-संरक्षण वनमण्डलों से संबंधित समस्त विकास कार्यों का समवर्ती मूल्यांकन, वन संरक्षक (प्रादेशिक) द्वारा एवं वन्यजीव वनमण्डलों से संबंधित विकास कार्यों का समवर्ती मूल्यांकन वन संरक्षक (वन्यजीव) द्वारा किए जाने से पूर्व मूल्यांकन कार्यक्रम एवं प्रस्तावित यात्रा का अनुमोदन संबंधित संभाग स्तरीय मुख्य वन संरक्षक से प्राप्त करने के बाद ही समस्त वन संरक्षक (प्रबोधन एवं मूल्यांकन) अपने मुख्य वन संरक्षक के दिशा निर्देशन में कार्य करेंगें।

(मुनीश कुमार गर्ग)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ)
राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक : एफ.1(56)एफ.एम.डी.एस.एस./अप्रमुवसं/एम.एण्ड ई./2023/ दिनांकः
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), राजस्थान, जयपुर।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, राजस्थान, जयपुर।
3. अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रबोधन एवं मूल्यांकन राजस्थान, जयपुर।
4. अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, भू-संरक्षण, राजस्थान, जयपुर।
5. समस्त मुख्य वन संरक्षक (प्रादेशिक/वन्यजीव/भू-संरक्षण)।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ)
राजस्थान, जयपुर।